To Improve the Condition of Sabji Mandi

***803. Smt. Geeta Bhukkal, M.L.A.:** Will the Agriculture and Farmers Welfare Minister be pleased to state the steps taken by the Government to improve the bad condition of Jhajjar Sabji Mandi togetherwith the time by which its condition is likely to be improved ?

JAI PARKASH DALAL, AGRICULTURE AND FARMERS WELFARE MINISTER, HARYANA

A statement is laid on the Table of the House.

Statement pertaining to Starred Assembly Question No. 803

Sabji Mandi, Jhajjar was developed during 1994-95 in an area of 4.20 acres. Facilities like cement concrete roads, common platform-cum-covered shed, individual platforms, sulabh shauchalya, water supply, sewerage system and electrification etc. were provided. The outer road of the Sabji Mandi was raised by PW (B&R) Department during 2014. The storm water accumulates in the Sabji Mandi during the rainy season, area being low lying. The collecting tank has been constructed in the Sabji Mandi for collection of storm water during rains. The pumping machinery has been procured and is being installed during rains for disposal of storm water into the Nallah already constructed by the PW(B&R) Department. This pump will be sufficient in rainy season, however, for better management of rainy water during heavy rains, one more collecting tank & disposal pump will be made functional by April, 2021.

सब्जी मण्डी की स्थिति सुधारना

*803. **श्रीमति गीता भुक्कल, एम.एल.ए.:–** क्या कृषि तथा किसान कल्याण मंत्री कृपया बताएंगे कि झज्जर सब्जी मण्डी की स्थिति को सुधारने के लिए सरकार द्वारा क्या पग उठाए गए हैं तथा इसकी स्थिति कब तक सुधारे जाने की संभावना है?

जय प्रकाश दलाल, कृषि तथा किसान कल्याण मंत्री, हरियाणा

ब्यौरा सदन के पटल पर रख दिया गया है ।

तारांकित विधानसभा प्रश्न संख्या 803 से सम्बन्धित ब्यौरा

सब्जी मंडी, झज्जर को 4.20 एकड़ क्षेत्र में वर्ष 1994–95 के दौरान विकसित किया गया था । मंडी में सीमेंट कंक्रीट रोड़, कॉमन प्लेटफॉर्म–कम–कर्वड शैड, व्यक्तिगत प्लेटफॉर्म, सुलभ शौचालय, पानी की आपूर्ति, सीवरेज सिस्टम तथा विद्युतीकरण आदि सुविधाएं प्रदान की गई थी। सब्जी मंडी की बाहरी सड़क को वर्ष 2014 के दौरान पी.डब्लयु.(बी.एण्ड.आर.) विभाग द्वारा उचां उठाया गया था। मंडी का स्तर नीचा होने के कारण बरसाती पानी सब्जी मंडी में इक्ट्ठा हो जाता है । बारिश के दौरान पानी के संग्रह के लिए सब्जी मंडी में संग्रह टैंक का निर्माण किया गया है । बरसाती पानी को पी.डब्लयु.(बी.एण्ड.आर.) विभाग द्वारा पहले से निर्मित नाले में ड़ालने के लिए पम्पिंग मशीनरी खरीद ली गई हैं जिसे बारिश के दौरान लगा दिया जाता है । यह पम्प बरसाती मौसम के लिए प्रर्याप्त है हालॉकि भारी बारिश के दौरान बरसाती पानी के जल्दी निष्कासन हेतू एक और संग्रह टैंक व निकासी पम्प भी अप्रैल, 2021 तक चालू कर दिया जाएगा ।